सार-समाचार

जीण माता की ध्वज यात्रा निकाली

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना कस्बे में सोमवार को जीण माता की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्गोंजीणमाताके लक्खी मेले के लिए भव्य ध्वज यात्रा निकालकर पैदल यात्रियों का जत्था जीण माता के लिए रवाना हुआ। सिंघाना कस्बे से जाने वाला ध्वज जीण माता के दरबार में चढाया जाएगा। परंपरा के अनुसार से सैकडों वर्ष पूर्व जीण माता के मंदिर में सिंघाना का निशान चढाया गया था। उसी परंपरा का निर्वाह आज भी कस्बे वासी करते आ रहे हैं। निशान जीण माता को अर्पित किया करने के साथ मंदिर में धोक लगाई जाती है। वही परंपरा आज भी पूरे क्षेत्र में मनाई जा रही है। ध्वज को सबसे पहले कस्बे में मुख्य स्थानों पर रात्रि भजन संध्या का आयोजन करजीणमाताका डंका बजाया जाता है। उसके बाद पहले नवरात्रा कोमाताकी पूजा के पश्चात भव्य कस्बे में ध्वज यात्रा निकालकर शोभायात्रा निकाली जाती है और पैदल यात्रियों का जत्था जीण माता मंदिर के लिए रवाना हो जाता है। चैत्र मास के नवरात्रि स्थापना के साथ ही हर वर्ष की तरह सिंघाना के जीण माता के भक्तों ने निशान के साथ गांव की चौरासी की फेरी लगाई और लोगों को आशीर्वाद दिया। महिलाओं ने घी शक्कर का भोग लगा कलावा बांधकर सुख शांति की कामना की। यह निशान सीकर स्थित जीण माता मंदिर के प्रमुख निशानों में एक है और नवरात्र के पांचवें दिन इसे जीण माता मंदिर सीकर के शिखर पर लगाया जाता हैं। इस मौके पर भक्त श्यामलाल, मनीष सैनी, विनोद सोनी, गौरव अग्रवाल, महेश सैनी, राजकुमार मेरठिया, सुनील, नवीन, आशीष, मोहित, मुकेश पचेरीवाला, रामकिशन, अमित, धौलू सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर ईदुलजुहा का त्यौहार 31 मार्च 2025 को चांद दिखने पर अन्यथा एक अप्रेल 2025 को मनाया जायेगा। इस अवसर पर कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। आदेशानुसार निखिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट सीकर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सीकर, राहुल कुमार मल्होत्रा उपखण्ड मजिस्ट्रेट धोद को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र धोद, दमयन्ति कंवर उपखण्ड मजिस्ट्रेट फतेहपुर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र फतेहपुर, भारती फूलफकर उपखण्ड मजिस्ट्रेट रामगढ शेखावाटी को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रामगढ शेखावाटी, राजवीर यादव उपखण्ड मजिस्ट्रेट नीमकाथाना को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र नीमकाथाना, मोहर सिंह मीणा उपखण्ड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ, अविनाश चौधरी तहसीलदार नेछवा को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र नेछवा, अनिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर को उपखण्ड क्षेत्र श्रीमाधोपुर (थाना क्षेत्र रींगस को छोडकर), बृजेश कुमार उपखण्ड अधिकारी रींगस को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रींगस, अर्चना बुगालिया उपखण्ड मजिस्ट्रेट खण्डेला को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र खण्डेला, मोनिका सामोर उपखण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ को उपखण्ड क्षेत्र दांतारामगढ (थाना लोसल क्षेत्र को छोडकर), महिपाल सिंह राजावत तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दांतारामगढ को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र लोसल, श्रीवर्धन, नायब तहसीलदार रींगस को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र खाटूश्यामजी, सुभाष कुमार तहसीलदार पाटन को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पाटन ,झुंडाराम कुडी नायब तहसीलदार अजीतगढ को सम्पूर्ण उप तहसील क्षेत्र अजीतगढ, रामनिवास नायब तहसीलदार पलसाना को सम्पूर्ण उप तहसील क्षेत्र पलसाना में नियुक्त किया गया है।

सम्मान समारोह का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल झुंझुनूं में दो अध्यापिकाओं रेणू शर्मा व अर्चना द्विवेदी का सेवानिवृति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रेणू शर्मा अपने पति पवन शर्मा, पुत्र विशाल शर्मा व भतीजी जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. योगिता शर्मा के साथ व अर्चना द्विवेदी अपने ससुर एएन द्विवेदी व पति अनुपम द्विवेदी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत परम्परागत रूप से विद्यालय सचिव परमेश्वरलाल हलवाई, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. डीएन तुलस्यान व संजीव मोदी की सादर उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। दोनों ही अध्यापिकाओं का माला व साफा पहनाकर व उपहारों के साथ सम्मान किया गया। विद्यालय सचिव परमेश्वरलाल हलवाई ने अपने भाव भरे उद्बोधन में दोनों ही अध्यापिकाओं के द्वारा विद्यालय विकास में किए गए अथक प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुआ कहा कि जीवन अनवरत व प्रगतिशील है व मनुष्य को इसकी गति व निरंतरता के साथ सामंजस्य बनाते हुए हमेशा आगे बढते रहना चाहिए। सभी स्टाफ मेंबर्स ने रेणू मैडम व अर्चना मैडम को स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अमन और शांति की दुआएं मांगी

पाटन (निसं)। रायपुर पाटन में ईद-उल-फितर का त्योहार बडे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की खुशियां साझा की और एकता, भाईचारे, और अमन-चैन की दुआएं मांगी। इस दौरान कई समाजसेवी और धार्मिक नेताओं की उपस्थिति रही, जिनमें मौलाना शाहिद हुसैन, मोहम्मद आकिल, मोहम्मद जैद, नफीस खान, असगर खान, इरफान खान, अकबर खान, हाजी अमीन कुरैशी, सिराजुद्दीन खान, नवाब खान कुरैशी, मुबारक खान, सलीम खान, निजामुद्दीन खान, मजीद खान, महबूब खान, कालूराम ढोलीवाल, मुकेश महारानी और अन्य सम्मानित व्यक्ति शामिल थे।समाज के लोगों ने एकता और शांति का संदेश देते हुए ईद की खुशियों को साझा किया और सभी के अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर ईद की विशेष नमाज भी अदा किया गया।समाज में भाईचारे और प्रेम का प्रतीक इस त्योहार ने सबको एकजुट किया और सभी ने मिलकर एक सुखी और शांतिपूर्ण समाज की कामना की।

महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाई

तारानगर (निसं)। तारानगर के अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड ब्राह्मण महासभा द्वारा न्यायशास्त्र के रचियता महर्षि गौतम की जयंती धूमधाम से मनाई। महर्षि गौतम के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया तत्पश्चात वक्ताओ ने महर्षि गौतम की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके आदर्शो पर चलने व महर्षि गौतम के जीवन से प्रेरणा लेने का आ ान किया तथा सामाजिक बुराइयों को त्यागने व संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया साथ ही आगामी 14 अप्रैल को स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर रामस्वरुप उपाध्याय, खिवकरण जोशी, युवक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अरुण शर्मा, तुलसीराम जोशी, रामकिशन वत्स, भारत भूषण पिरगावत, गोविन्द प्रसाद गील, बजरंग जोशी, परसाराम पिरगावत, राकेश लमाणी, रामकृष्ण उपाध्याय सहित गुर्जरगौड समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यशाला का आयोजन

सीकर (निसं)। संयुक्त निदेशक उद्यान सीकर शिवजी राम कटारिया ने बताया कि पीएम कुसुम कंपोनेट-बी परियोजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पंप संयंत्रों की स्थापना, रखरखाव संबंधी जानकारी से कृषकों को शिक्षित एवं जागरूक किए जाने की दृष्टि से एक दिवसीय खण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संयुक्त निदेशक उद्यान खण्ड सीकर आत्मा हॉल सीकर में किया गया। उन्होंने बताया कि सीकर, झुंझुनूं, नागौर एवं डीडवाना-कुचामन जिले के सौ से अधिक प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। कार्यशाला के शुभारंभ में अतिरिक्त निदेशक कृषि खण्ड सीकर राम निवास पालीवाल, संयुक्त निदेशक उद्यान खण्ड सीकर शिवजी राम कटारिया, सहायक निदेशक उद्यान राम रतन स्वामी उद्यान, सहायक निदेशक उद्यान दुर्गाप्रसाद नीमड तथा मोहित मील सहायक अभियंता विद्युत वितरण निगम उपस्थित रहें तथा किसानों को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना के बारे में विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

ईद का पर्व उल्लास से मनाया

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे में ईद का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शाकंभरी सड़क मार्ग पर ईदगाह मस्जिद में ईद की नमाज की गई। शहर काजी गुलाम रसूल को घोडी पर बैठाकर गाजे बाजे के साथ ईदगाह मस्जिद तक लाया गया। मुस्लिम समाज ने ईद की नमाज अदा की और देश में अमन चैन की दुआ मांगी। ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन एडवोकेट रामनिवास सैनी,अब्दुल अजीज कच्छावा संजय खान, दौलत राम सैनी, सीआई कस्तूर वर्मा, एडवोकेट श्रवण सैनी, राहुल सहित कई लोग मौजूद थे।

ईदगाह में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की

चूरू (निसं)। ईदगाह में सोमवार को मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा कर देश व राज्य में अमन चैन, खुशहाली व आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

ईदगाह में शहर इमाम पीर अनवार कादरी ने सभी मुस्लिम भाइयों को नमाज अदा करवाई और देश में अमन चैन आपसी भाईचारे का सौहार्द पुर्ण वातावरण बना रहे, इसके लिए दुआ मागी और मुस्लिम बंधुओं ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। शहर इमाम ने कहा कि यही हमारी संस्कृति है।

हमारे देश में सभी धर्मो के पर्व को एक साथ मिलकर मनाया जाता है। यही हमारी गंगा जमुनी तहजीब है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि इस पर्व को सभी मिल जुलकर एक साथ मनाते हैं। यही हमारी लोक संस्कृति की पहचान है।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, चंद्राराम गुरी, पीसीसी सचिव मुस्ताक खान, कांग्रेस के देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, रणजीत सातडा, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, सुरेश सारस्वत, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राकसिया, अख्तर खान, सत्तार खान सहित बडी संख्या में भाजपा-कांग्रेस पदाधिकारी व मुस्लिम बंधु उपस्थित थे।

ईदगाह में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा कर देश व राज्य में अमन चैन, खुशहाली व आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

शाही लवाजमें से गणगौर की सवारी निकली

रतनगढ़ निसं)'ईसर जी तो पेचो बांधै गौरा बाई पेच संवारे ओ राज' एवं 'राणी ने द्यो राजपाट, म्हान म्हारो सर्व सुहाग' जैसे भावनात्मक लोक गीतों के साथ नवविवाहिताएं, बालिकाएं तथा महिलाओं ने गणगौर का विसर्जन किया। आज सुबह महिलाओं ने गणगौर की पूजा की तथा शाम को शहर में नगरपालिका के तत्त्वावधान में गणगौर की सवारी निकाली गई।

गढ़ परिसर में पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, कांग्रेस युवा नेता हेमन्त सारस्वत,पार्षद रामगोपाल चौधरी, नंदकिशोर भार्गव, जसकरण गौड़, कुंदन स्वामी सहित कई पार्षदों ने ईसर एवं गणगौर की प्रतिमाओं का पूजन कर सवारी को रवाना किया।

लुप्त होती लोक संस्कृति को बचाने का एक शानदार प्रयास गणगौर उत्सव : राठौड

सीकर (निसं)। श्री महादेव नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित गणगौर उत्सव में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजस्थान की लोक कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोक कला और संस्कृति को जीवंत रखने का प्रयास किया सिटी डिस्पेंसरी नंबर 2 के पीछे आयोजित गणगौर उत्सव में स्थानीय कलाकारों सहित अतिथि कलाकारों और बालिकाओं द्वारा लोक संस्कृति से जुडे कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ रिटायर्ड अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ तथा भाजपा नेत्री मधु कुमावत ने गणेश जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में राजस्थानी परिधान के तहत मिस गणगौर की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बालिकाओं और युवतियों ने शानदार परफॉर्मेंस देकर जमकर तालियां बटोरी वही राजस्थानी लोक परंपरा से जुडे नृत्य का भी आयोजन रखा गया कार्यक्रम में सोनू शेखावत द्वारा सांपों के साथ करतब अग्नि नृत्य सहित कई शानदार प्रस्तुतियां दी गई जो आकर्षण का केंद्र रही स्थानीय कलाकार अभिषेक शमसु ने शानदार गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के चलते राजस्थान की लोक परंपरा और संस्कृति विलुप्त होती जा रही है गणगौर उत्सव का आयोजन निश्चित रूप से लोक संस्कृति को बचाने का एक अनूठा और शानदार प्रयास है। भाजपा नेता डॉ बीएल रणवा तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर के अध्यक्ष राजेश सैनी ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम आयोजको को शानदार आयोजन पर बधाई दी निर्णायक मंडल में शामिल मंजू लोहिया चित्रा राजपूत व नेहा शर्मा के जजमेंट अनुसार मिस गणगौर का खिताब कनक निर्वाण को दिया गया चेतना सोनी दूसरे स्थान पर रही वही दर्शना ने मिस गणगौर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया राजस्थानी लोक नृत्य प्रतियोगिता में चेतना सोनी प्रथम कनक द्वितीय प्राजंलि तृतीय स्थान पर रही।

पेयजल की समस्या का समाधान करवाने की मांग

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के माधोगढ पंचायत की ढाणियों में पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सोमवार को खेतडीनगर स्थित जनसुनवाई केंद्र में ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने जलदाय विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले काफी समय से माधोगढ़ पंचायत की फागणा की ढाणी, सिराधना की ढाणी, कालशा की ढाणी पेयजल की समस्या बनी हुई है। पेयजल की समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करवाया जा चुका है, लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारियों के अनदेखी के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पानी की सप्लाई नहीं की जाने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड रहा है। समस्या से परेशान होकर कुछ ग्रामीण टैंकरों से पानी डलवा कर पानी की पूर्ति कर लेते हैं, लेकिन गरीब परिवारों को दो-तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड रहा है।

गणगौर उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

राधाकिशनपुरा स्थित रामगोपाल सदन पटवारी निवास में गणगौर उत्सव मनाया गया।

सीकर (निसं)। राधाकिशनपुरा स्थित रामगोपाल सदन पटवारी निवास में गणगौर उत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेघा अग्रवाल ने बताया गणगौर राजस्थान का एक प्रमुख त्योहार है, जो नारी शक्ति, सौभाग्य और संस्कृति से जुडा हुआ है।

राजस्थानी रंग और थीम का अनूठा संगम इस वर्ष गणगौर उत्सव के लिए ग्रीन थीम चुनी गई थी। सभी महिलाओं ने हरे रंग की पोशाक पहनकर पारंपरिक परिधान में उत्सव की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम स्थल को राजस्थानी थीम पर सजाया गया,जिसका संयोजन श्यामपुरा बालाजी इवेंट के दीपांशु मित्तल द्वारा किया गया।

खेल, मस्ती और पारंपरिक झलक कार्यक्रम में महिलाओं ने हाउजी, क्विज कॉन्टेस्ट, म्यूजिकल गेम्स और डांस गेम्स का आनंद लिया। सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने का विशेष आकर्षण रहा। सभी महिलाएं सोलह शृंगार कर पारंपरिक अंदाज में बेहद आकर्षक लग रही थी।

संस्कृति संरक्षण और नई पीढ़ी के लिए संदेश गणगौर उत्सव के दौरान नई पीढी को इसके महत्व और परंपराओं कीजानकारी दी गई। लीला देवी अग्रवाल ने बताया आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी संस्कृति को संजोकर रखना था, ताकि आधुनिकता के दौर में हमारी परंपराएं विलुप्त न हों।सभी ने इस आयोजन को यादगार बताया और भविष्य में भी इस तरह के पारंपरिक उत्सव मनाने की इच्छा जताई।

'जलग्रहण रथ यात्रा के दौरान हुए विभिन्न कार्यकम जल संरक्षण व भूमि संरक्षण से ही मानव का विकास संभव'

सीकर (निसं)। केन्द्र सरकार के भू संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 20 के तहत जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा पंचायत समिति धोद के ग्राम सबलपुरा में जलग्रहण यात्रा पहुंचने के उपलक्ष मे जिला स्तरीय कार्यकम आयोजित हुआ। विभाग द्वारा निर्धारित जलग्रहण यात्रा के रथ का ग्रामवासियों व अधिकारियो कर्मचारियो द्वारा स्वागत कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।

कार्यक्रम में राजीविका की महिलाओं व स्थानीय महिलाओं द्वारा ग्राम सबलपुरा के आम चौक से मुख्य रास्ते होते हुए तेज पैलेस स्थित समारोह स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियो व ग्रामवासियों द्वारा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यार्थियों ने जल व भूमि संरक्षण संबंधी नारे लिखी हुई तख्तियां हाथ में लेकर रैली निकालकर गांव में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान युवाओं, ग्रामवासियों को विभाग के कर्मचारियो द्वारा टी-शर्ट, चाबी छल्ला, टोपी वितरित की गई।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम तेज पैलेस गार्डन फतेहपुर रोड ग्राम सबलपुरा में आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय से जल संरक्षण का आव्हान करते हुए जलग्रहण के कार्यो का महत्व बताया तथा जल के सदुपयोग व जल संरक्षण की अपील की।

वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण तथा भूमि संरक्षण से ही मानव का विकास होगा। सीकर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता वाटरशैड रमेश कुमार मीना ने अतिथियो का स्वागत किया तथा जलग्रहण रथ यात्रा के उदेश्यों के बारे में विस्तार से बताया और योजना की जानकारी दी तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर राजपाल यादव द्वारा भूमि व जल संरक्षण महत्व पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित जन समुदाय को जल एवं भूमि संरक्षण की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सबलपुरा में नये कार्य टांका निर्माण का भूमि पूजन व पूर्ण कार्य प्रार्थना स्थल में टीन शैड निर्माण का लोकापर्ण व पौधारोपण धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि धोद मूलचन्द रणवां, उप जिला प्रमुख ताराचन्द घायल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर राजपाल यादव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता वाटरशैड रमेश कुमार मीना व अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया किया। परियोजना क्षेत्र में जलग्रहण विकास गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भूमि विकास बैंक के चैयरमेन कैलाश चन्द शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक धर्मपाल चौधरी,विकास अधिकारी धोद रश्मी मीणा, नागवा सरपंच सुभाष भामू, भढाढर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजयपाल चिरानिया, किरडोली सरपंच मकसूद खान, सबलपुरा सरपंच कमला देवी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणों व अधिकारियों,कर्मचारियों ने भाग लिया गया।

चूरू में गणगौर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

चूरू में गणगौर पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

चूरू (निसं)। अंचल में सोमवार को गणगौर पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां पुरानी सब्जी मंडी में गणगौर का भव्य मेला भरा।

महिलाओं ने एक पखवाडे तक गणगौर का पूजन किया और सोमवार को गाजे-बाजे के साथ मंगल गीत गाकर पावटे कुएं में गणगौर का विसर्जन कर विदाई दी। शहर में पांच गणगौर की सवारियां गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।

मेले में आई महिलाओं ने गणगौर माता के दर्शन कर मनौतियां मांगी। सभी महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर अपने सुहाग और समृद्धि की कामना की। खीर और ढोकले का प्रसाद लगाकर जल ग्रहण किया। पंडितों ने विधि-विधान से पूजन अर्चना करवायी। यहां बडे मंदिर से राज की गणगौर और लखोटिया की गणगौर पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास विराजमान हुई। गुजरका की गणगौर गुजरका चौक से, कोठारियों की दो गणगौर रामगढ़िया दरवाजे और वार्ड 35 बजरंग बली चौक से निकली। शाम को सभी गणगौर प्राचीन गढ के पास एकत्र हुई।

गढ़ चौराहे से सवारी सफेद घंटाघर होते हुए सब्जी मंडी पावटा कुआं मेला स्थल पहुंची। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

गणगौर का पर्व आस्था के साथ मनाया

बीदासर (निसं)। कस्बे में सोमवार को गणगौर का पर्व भक्ति व आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं, नव विवाहिताओं और कन्याओं ने घर-घर में गणगौर माता का पूजन किया, तो कई नव विवाहिताओं ने गणगौर का उध्यापन कर व्रत रखा। शाम को गणगौरी चौक में गणगौर का मेला भरा। इस अवसर पर गणगौर की सवारी राजाजी के गढ से परंपरागत शाही लवाज में व बैंड-बाजों के साथ ईशर व गणगौर की सवारी कस्बे मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चौक पहुंची तथा वहा से एक साथ दुगड़ सत पोल व बैंगानी पोल व अन्य गणगौरों के साथ जुलूस के रूप में होते हुए गणगौरी चौक पहुंची। इस अवसर पर महिलाओं व विवाहिताओं ने गणगौर माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। गणगौरी चौक में गणगौर का विशाल मेला लगा। मेले में कस्बे के अलावा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में विभिन्न परिधानों में लोग शामिल हुये।

गणगौर मेले में ज्यादातर भीड महिलाओं व युवतियों की रही। इस अवसर पर महिलाओं व युवतियों ने गणगौर माता की पूजा अर्चना की। मेले में चार दर्जन से अधिक चाट-पकोड़े, शीतल पेय पदार्थो की अस्थायी दुकानों पर लोगों की भीड रही। गणगौर के जुलूस में के गढ के ठाकुर किशन राज सिंह, राजकुमार, क्षेत्रिय विधायक मनोज मेघवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, बाबूलाल दुगड, अभयराज बैंगानी, बीडी जैन, दानमल बांठिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों सहित सैकडो की संख्या में नागरिक जुलूस में शामिल थे।

सार-समाचार

गणगौर की शाही सवारी निकाली

सीकर (निसं)। शहर में सोमवार को गणगौर की शाही सवारी शाम 4 बजे बावडी गेट स्थित रघुनाथ जी मंदिर से रवाना हुई सुभाष चौक, जाटिया बाजार होती हुई रामलीला मैदान पहुंची,जहां पर नवविवाहिताओं व कन्याओं ने गणगौर की पूजा-अर्चना की और अखण्ड सौभाग्य की कामना की। शाही सवारी पारम्पारिक तरीके से निकाली गई जिसका जगह-जगह पर नवविवाहिताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वहीं राधाकिशनपुरा स्थित कमल कुंज में बीते कई दिनों से पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ गणगौर पूजन का आयोजन किया जा रहा था। इस पावन अवसर पर पटवारी परिवार की बेटी नैंसी अग्रवाल, ज्योति, पूजा, रिया, दिया, भूमिका और खुशी सहित अन्य कन्याओं ने संपूर्ण विधि-विधान से गणगौर माता की आराधना की।आज गणगौर महोत्सव का भव्य समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान व्रत-पूजन, मंगल गीत और गणगौर माता की विशेष आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला।गणगौर पूजन में सुनीता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, लीला देवी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, संतोष जांगिड़, उर्मिला अग्रवाल, सुशीला देवी और संतोष गुर्जर सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया, पारंपरिक गणगौर गीत गाए, खूब उत्साह और उमंग के साथ पूजा-अर्चना की तथा हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मनाया। यह आयोजन हमारी संस्कृति को संरक्षित रखने का संदेश देता है और परंपराओं को नई पीढी तक पहुंचाने का माध्यम भी बनता है।

ईद उल फितर धूमधाम से मनाया

तारानगर (निसं)। तारानगर में ईद उल फीत्तर का त्यौहार बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया। कस्बे के मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी एवं देश में अमन चैन शान्ति भाईचारे की दुआ मांगी। जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद जाफ़र हाफिज ने ईद की नमाज अदा करवाई। कस्बे के अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा करवाई। उपस्थित मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद सभी कब्रिस्तान पहुंचे और अपने पूर्वजों को याद किया। थानाधिकारी गौरव खिड़िया के नेतृत्व में पुलिस मुस्तैद रही, सुरक्षा के पूरे इंतजाम रहे एवं चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। पूरे शहर में पुलिस की गाड़ी गश्त भी लगाती रही। कस्बे के जाट महासभा इकाई तारानगर ने भी तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनीवाल के नेतृत्व में उपस्थित लोगों को ईद पर्व की बधाई दी। इस मोके पर प्रधान संजय कस्वां, विस प्रत्याशी राकेश जांगिड, अभिषेक बुडानिया, तिलोकराम कस्वां, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, जमरदीन तेली, बाबू हुसैन कुरैशी, मोहम्मद तैयब, मुंशी खाँ तेली, सहदेवसिँह भाटी, मोहम्मद तैयब, मानसिंह सैनी, शिव कुमार शर्मा, कुंदन सैनी, अजीतसिँह, भगतसिँह भाकर, शाबीर हुसैन, माणकचंद बेद, राकेश टाक, श्रवण गड़ाणा, सुरेन्द्र पूनियाँ, सहित जनप्रतिनिधिगण व जाट महा सभा इकाई ने कब्रिस्तान पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी।

गणगौर महापर्व मनाया

पाटन (निसं)। बिहारीपुर गांव में गणगौर महापर्व का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा-अर्चना की और मंगल गीत गाकर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। महिलाएं और लडकियां पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आई और पूरे गांव में उत्साह का माहौल था। गणगौर की भावी झांकी भी निकाली गई, जिसमें गांव की सभी माताओं और बहनों ने भाग लिया।

कर्नल बैंसला को श्रद्धांजलि दी

झुंझुनूं, (निसं)। गांव उदावास के भगवान श्री देवनारायण मंदिर पर सोमवार को गुर्जर समाज के लोगों ने समाज सुधारक एवं गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के मुखिया रहे स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कर्नल बैंसला की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर नमन किया।

आम सूचना

हर खासो आम को सूचित किया जाता है कि मैं अशोक सैनी पुत्र श्री गिरधारीलाल निवासी वार्ड नं. 19 रामगढ़ शेखावाटी तहसील रामगढ़ जिला सीकर में अपनी पत्नी श्रीमती सुमित्रादेवी के साथ रिहायश करता हूं। मेरे चार संतान हैं। हमारा सबसे बड़ा लड़का सिद्धांत दिनांक 20.10.2024 को घर से बिना बताये कहीं निकल गया था और जिसके बारे में अब पता चला है कि सिद्धांत ने हम परिवारवालों की इच्छा के विरूद्ध किसी सोनू नायक नाम की लड़की से आर्य समाज में जाकर विवाह कर लिया है। मैंने उसे घर लाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसने घर आने से साफ इनकार कर दिया है। जिस कारण भविष्य में उत्पन्न होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मैं अपने बड़े पुत्र सिद्धांत सैनी, जो कि हम पति-पत्नी के नियंत्रण के बाहर हो चुका है, को अपनी समस्त स्वर्जित चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं और आज के बाद हमारी चल व अचल सम्पति में हमारे बड़े लड़के सिद्धांत का किसी प्रकार का कोई हक व अधिकार नहीं रहेगा और आज के बाद हम अपने उक्त बड़े लड़के सिद्धांत से संबंधित किसी भी व्यवहार व लेन-देन के लिये किसी प्रकार जिम्मेवार नहीं होंगे।

दिनांक 30.03.2025/ अशोक कुमार